मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 19/05/2026

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --197/2026
19 मई 2026
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
==============================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण **(AAI)**, निगमित मुख्यालय के कार्यपालक निदेशक श्री एस० एस० राजू ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने 20 मई 2026 को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची, परिसर में आयोजित "भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा सहित फीचर वॉल, उड़ान यात्री कैफे, अवसर काउंटर, किड्स जोन एवं फ्लाइब्रेरी के उद्घाटन समारोह" में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया।

मौके पर बिरसा मुंडा हवाई अड्डा रांची के निदेशक श्री विनोद कुमार एवं उप महाप्रबंधक श्री मनोज प्रसाद सिंह उपस्थित थे।

===============================

#Team PRD(CMO)